बिहार सरकार

# सारण (छपरा) – 841301

## –: प्रेस विज्ञप्ति:–

### राज्य सम्पोषित मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण की सूचना

**राज्य सम्पोषित मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजनान्तर्गत** वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के लिए समेकित रूप से सूबे के अल्पसंख्यक समुदाय यथा **मुस्लिम, ईसाई, सिख बौद्ध, पारसी एव जैन समुदाय** के व्यक्तियों से विभिन्न व्यवसायों के लिए न्यूनतम 5% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण राशि उपलब्ध कराने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक सुयोग्य अल्पसंख्यक, जो नीचे वर्णित पात्रता रखते है, वे निम्नांकित व्यवसाय/इकाई/प्रतिष्ठान के लिए दिनांक–08.03.2022 तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय/सारण, छपरा आवेदन–पत्र आवश्यक कागजात के साथ हाथों–हाथ, या डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। **उपरोक्त योजना वर्षों के लिए आवेदक द्वारा एक ही आवेदन–पत्र जमा किया जाना हैं** तथा जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा दोनों वर्षों के लिए समेकित (एक ही) चयन सूची का निर्माण किया जायेगा। आवेदकों का चयन राज्य सरकार के द्वारा गठित जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा किया जायेगा। चयन समिति से अनुशंसित/चयन सूची प्राप्त होने के उपरांत आवेदकों एवं निगम के बीच एकरारनामा तथा गांरटी बाण्ड निष्पादित होने के पश्चात् ऋण की स्वीकृति दी जायेगी।

| आवेदक के लिए पात्रता | आवेदन के लिए व्यवसाय/ईकाईयाँ |
|---|---|
| (i) आयु 18 से 50 वर्ष के बीच।<br>(ii) आवेदक उसी जिला के निवासी हो जहाँ योजना का लाभ लिया जाना है।<br>(iii) आवेदक सरकारी/अर्द्ध सरकारी सेवा में न हो।<br>(iv) आवेदक के पारिवारिक वार्षिक आय 4 लाख रूपये से अधिक न हो।<br>(v) आवेदक अल्पसंख्यक यथा **मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन अथवा पारसी समुदाय** का हो। मुस्लिम को छोड़करअन्य अल्पसंख्यकों हेतु उनके धर्म संबधित प्रमाण–पत्र संबंधित धर्मावलम्बी संस्थानों (Monasteries) द्वारा निर्गत हो।<br>(vi) ऋण की अधिकतम राशि 5 लाख रूपये है।<br>(vii) एक लाख रूपये तक की ऋण राशि ऋणधारक द्वारा स्वयं की गारंटी, किसी ऐसे व्यक्ति की गारंटी, जिनके नाम या उनके माता/पिता के नाम रेन्ट रसीद/लगान/अन्य संबंधित दस्तावेज हो, से गारंटी बाण्ड निष्पादित कराते समय उसकी छाया प्रति समर्पित करेगें। 1,00,001 रूपये से 5 लाख रूपये तक की ऋण राशि के लिए एक सरकारी/अर्द्ध सरकारी/बैंक कर्मी/ स्वायत निकाय के कर्मी (जिनकी सेवा कम से कम 5 वर्ष शेष हो) आयकर दाता की व्यक्तिगत गारंटी/ आँगनबाड़ी कर्मी/ पंजीकृत मदरसों के शिक्षक/नियोजित शिक्षक/अनुबंधित वक्फ के मोतवल्ली, ऋण राशि के समतुल्य अचल सम्पत्ति का बन्धेज (Equitable Mortagage) के साथ गारंटी बाण्ड निष्पादित करना होगा।<br>(viii) यदि स्वीकृत राशि के विरूद्ध मशीन/उपकरण/उपस्कर/सामग्री के एक युनिट का क्रय मूल्य 1 लाख रूपये या उससे अधिक हो तो लाभार्थियों द्वाराअधिकृत विक्रेता से प्राप्त कोटेशन/प्रोफोर्मा बिल समर्पित किया जायेगा, जिसकी आपूर्ति हेतु सीधे विक्रेता के बैंक खाते में RTGS के माध्यम से निगम द्वारा भुगतान किया जायेगा।<br>(ix) चार पहिये वाहन ऋण के लिए आवेदक को हल्के मोटर ड्राईविंग का लाइसेन्स (LMV) तथा दवा दुकान के लिए ड्रग लाईसेन्स की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।<br>(x) लाभुकों द्वारा प्रत्येक वर्ष की देय किस्तों की राशि के अनुसार भुगतान नहीं किये जाने पर वर्ष की समाप्ति के पश्चात् अतिदेय राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज की गणना कर उनसे निगम द्वारा वसूली की जाएगी।<br>(xi) मूलधन एवं देय ब्याज की वापसी अधिकतम 20 त्रैमासिक किस्तों में किया जाना है। | **लघु ऋण**<br>ब्यूटी पार्लर, जेनरल स्टोर, स्टेशनरी दुकान, चूड़ी–लहठी दुकान, पारचून, किराना दुकान, इलेक्ट्रिक सामग्री की दुकान, क्रॉकरी की दुकान, प्लास्टिक की दुकान, ऑटोमोबाइल रिपेयर, स्पेयर पार्टस की दुकान, टेलरिंग एवं इम्ब्रोडरी की दुकान, टी. स्टॉल, पान की दुकान, चाय–नाश्ता की दुकान, बकरे/मुर्गा का मांस की दुकान, टायर–ट्यूब रिपेयर की दुकान, अंडा की दुकान, मोमबत्ती/अगरबत्ती बनाना, मोटर रिवाईडिंग, एपलिक वर्क, जूट–बैग का निर्माण, मोबाईल/लैपटॉप रिपेयर, आँटा चक्की/मसाला पिसाई उद्योग, तेलघानी उद्योग, ई–रिक्शा एवं फल सब्जी इस प्रकार का अन्य इत्यादि।<br><br>**वृहत ऋण**<br>**(2 लाख रूपये से अधिकतम 5 लाख रूपये तक)**<br>मोबाईल दुकान, ब्लॉक प्रिन्टिंग मशीन, चूड़ी–लहठी कारखाना, सीप उद्योग, गेट–ग्रील निर्माण, राईस/चूड़ा मील, जेनरेटर, डेस्क–टॉप प्रिन्टिंग, कम्प्यूटर स्पेयर एवं दुकान, टेम्पू, मिनी भैन, मालवाहक भैन, स्कारपियों, सुमो, बेलरो, रेडिमेड, फर्नीचर शॉप, जूता–चप्पल दुकान, कपड़ा की दुकान, अनाज खरीद–बिक्री, बिल्डिंग मटेरियल, दवा की दुकान, मुर्गी पालन, इलेक्ट्रोनिक्स गुडस की दुकान, मीनरल वाटर प्लान्ट, ज्वेलरी की दुकान, हार्डवेयर की दुकान, पैथोलोजी, कोचिंग इन्स्टीच्यूट, बैग कारखाना, बेकरी पलैक्स एवं डिजीटल प्रिन्टिंग दुकान, मेडिकल इक्यूपमेंट मनोफाईकचरिंग, स्टील फैब्रिकेशन, टायर–टयूब की दुकान एवं इस प्रकार की अन्य इत्यादि। |

नोट :– 1. आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र निगम के वेबसाईट www.bsmfc.org या अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/minoritywelfare/SectionInformation.html?editForm&rowld=4199 (अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाईट के (Download Section) से डाउन लोडकर सकते है अथवा जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सारण, छपरा के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

2. आवेदन पत्र हाथों–हाथ, या डाक के माध्यम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, सारण, छपरा में दिनांक–08.03.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

# बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम लि०, पटना

बिहार सरकार

(अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार का एक उपक्रम)

34, अली इमाम पथ (हार्डिंग रोड), पटना-800001

Email : bsmfclpatna-bih@gov.in/minocorpatna@gmail.com Website:www.bsmfc.org Ph :0612-2204975

के माध्यम से संचालित

## राज्य सम्पोषित मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण

आवेदक का स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो

## आवेदन पत्र 2020-21 & 2021-22

**आवेदन आई०डी०सं० -** ____ **जिला का नाम** ____

1. आवेदक का नाम ____

2. पिता/पति का नाम ____

3. आधार संख्या (स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) ____

4. लिंग : महिला/पुरूष– ____ 5.जन्म तिथि– ____ 6.आयु (08.03.2022 तक) ____

7. मोबाईल नम्बर– ____

8. ई–मेल आई॰डी॰ :– ____

9. स्थाई पता: मकान सं॰ ____ ग्राम/मोहल्ला ____

पंचायत/वार्डसंख्या ____ डाकघर ____ प्रखण्ड ____

थाना ____ जिला ____ पिन कोड ____

10. वर्तमान पता: मकान सं॰ ____ ग्राम/मोहल्ला ____

पंचायत/वार्डसंख्या ____ डाकघर ____ प्रखण्ड ____

थाना ____ जिला ____ पिन कोड ____

11. व्यवसाय/दुकान का पता :– मकान सं॰ ____ ग्राम/मोहल्ला ____

पंचायत/वार्डसंख्या ____ डाकघर ____ प्रखण्ड ____

थाना ____ जिला ____ पिन कोड ____

योजना स्थान का क्षेत्र – (नगर निगम/नगर परिषद/नगर पंचायत/ग्रामीण) :– ____

12.धर्म ____ (मुस्लिम को छोड़कर, अन्य अल्पसंख्यकों हेतु उनके धर्म सम्बन्धी प्रमाण पत्र सम्बन्धित धर्मावलम्बी संस्थानों (Monasteries) द्वारा निर्गत हो )

13. शैक्षणिक योग्यता का विवरण ____

14. वर्तमान पेशा ____

15. (क)केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना से प्रशिक्षित अथवा सरकारी ____ मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से तकनीकी/ व्यवसायिक शिक्षा का विवरण (स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

(ख) प्रशिक्षण अवधि 3–5 माह, 6–12 माह या 1 वर्ष से अधिक का कोर्स ____

16. दिव्यांग/परित्यक्ता/विधवा ____ (प्रमाण–पत्र/सत्यापित प्रति की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे)

17. परिवार की सकल वार्षिक आय [ ] (आय प्रमाण पत्र संलग्न करें)।

18. (क) प्रस्तावित व्यवसाय का नाम [ ]

(ख) व्यवसाय पर कुल लागत [ ] (ग) ऋण राशि की आवश्यकता/माँग [ ]

19. सरकार द्वारा पंजीकृत सहकारी संस्था /संघ/**SHG** के सदस्य - [ ]

20. व्यवसाय की कार्य योजना/पुर्व अनुभव रखने वाले आवेदक/दुकान [ ]

व्यवसाय का पंजीकरण/आय-व्यय के ब्यौरे का संधारण एवं अंकेक्षण [ ]

21. क्या इसके पहले किसी बैंक या एजेन्सी या सहकारी बैंक या इस निगम या किसी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त किया है, जिसका कोई अंश वापसी के लिए बाकी है । यदि हाँ, तो संस्था एवं बकाया राशि का विवरणी दें : [ ]

22. आवेदक के आधार लिंक्ड बैक खाता की विवरणी :-

बैंक का नाम एवं शाखा:- [ ]

खाता संख्या :- [ ]

IFSC कोड :- [ ]

स्थान :

तिथि : आवेदक का हस्ताक्षर

**नोट** 1. आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकार तथा अनुमण्डल प्रभारी या प्रखण्ड विकास पदाधिकारी या अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म तिथि, धर्म (मुस्लिम को छोड़कर), शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विकलांग/परित्यक्ता/विधवा, सरकार द्वारा पंजीकृत सहकारी संस्था /**SHG**/ संघ, केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना से प्रशिक्षित अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से तकनीकी/ व्यवसायिक शिक्षा के विवरण की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

2. वाहन क्रय हेतु ऋण के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति तथा दवा दुकान हेतु ऋण के लिए ड्रग लाहसेंस की प्रति संलग्न करें ।

---

## <u>आवेदन प्राप्ति रसीद</u>

(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)

**जिला आई०डी०सं०-** [ ] नाम : [ ]

[ ] पिता का नाम [ ]

पता [ ]

से मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन प्राप्त किया ।

समय :-

तिथि :- प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर

(नाम/पदनाम)